हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 05 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार 2036 ओलंपिक से पहले भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।कल पटना में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के उद्घाटन के वीडियो संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह बात कही।

आज भारत प्रयास कर रहा है कि साल 2036 में ओलंपिक हमारे देश में होगा। अंतराष्ट्रीयय स्तकर पर खेलों में भारत का दबदबा बढ़ाने के लिए स्पॉर्टिंग टैलेंट की स्कूल लेवल पर ही पहचान करने के लिए सरकार स्कूल के स्तपर पर एथलीट्स को खोज कर उन्हें टरेंड कर रही है।

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में खेल बजट में तीन गुना वृद्धि की है। सरकार ने खेलों के लिए इस वर्ष चार हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। खेलों को बढ़ावा देने और बुनियादी ांचे में सुधार की सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता पर उन्होंने कहा कि अब खेल प्रतियोगिताएं पूरे साल आयोजित की जाती हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खेलों को मुख्यधारा के अध्ययन का हिस्सा बनाकर मान्यता दी गई है।

आज देश में एक हजार से अधिक खेलो इंडिया सेंटर चल रहे हैं। इनमें तीन दर्जन से अधिक हमारे बिहार में ही है। बिहार को तो एनडीए के डबल इंजन का भी फायदा हो रहा है। यहां बिहार सरकार अनेक योजनाओं को अपने स्तजर पर विस्तादर दे रही हैं।

इन खेलों में विभिन्न राज्यों से आठ हजार पांच सौ से अधिक युवा खेल प्रतिभाएं विभिन्न स्पर्धाओं में भाग ले रही हैं।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्रवासियों हरियाणा के लिए कई अहम घोषणाएं की हैं।उन्होंने गांवों की कच्ची फिरनियों को पक्का करने, वार्ड नंबर- 10 में डिस्पेन्सरी का नवीनीकरण, गांव पांवटा तथा खेड़ी गुजरान में नए उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण करने की घोषणा की। उन्होंने डबुआ मंडी में पीवी कवर शेड के निर्माण के लिए 85 लाख रुपये की घोषणा की।मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं कल फरीदाबाद एन.आई.टी. में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने महाग्राम योजना के तहत गांव धौज में 26 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सीवरेज पाइपलाइन परियोजना का शिलान्यास किया।मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांव में समुदायिक भवन बनाने के लिए 5 करोड़ रुपये की घोषणा की। दो गांवों नामतः आलमपुर के प्राइमरी स्कूल तथा गांव सारन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के नये भवन के निर्माण के लिए भी 7 करोड़ 63 लाख रुपये की घोषणा की। गांव कुरैशीपुर के प्राइमरी स्कूल को मिडल स्कूल में, गांव टीकरी खेड़ा के मिडल स्कूल को वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में अपग्रेड करने की भी घोषणा की। साथ ही, उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 10 एनआईटी फरीदाबाद में जमीन उपलब्ध होने पर नया स्कूल खोला जाएगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने गांव खेड़ी गुजरान में राष्ट्रीय यूनानी अनुसंधान स्थापित करने के संबंध में कहा कि केंद्र सरकार से बात करके इसको भी जल्द बनवाने का काम किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद और गुरुग्राम को हरियाणा के कॉमर्शियल हब बताते हुए कहा कि सरकार इन दोनों शहरों को मैट्रो से जोड़ने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि मेट्रो ने फरीदाबाद के विकास में अहम योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। जो कहा है वो करेंगे। हमारी नीति, नीयत और नेतृत्व तीनों स्पष्ट है। हमारा लक्ष्य है, पूरे हरियाणा का संतुलित विकास करना और इस मार्ग पर हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने ने फरीदाबाद की रैली में जो वादे किए थे , सरकार बनते ही उन्हें पूरा किया है।